दिनांक-25जनवरी2020

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

महापौर सहित परिषद के सदस्यों ने 66 एमएलडी जल शोधन संयंत्र का किया अवलोकन

भिलाईनगर/अमृत मिशन के तहत निर्मित 66 एमएलडी जल शोधन संयंत्र का आज महापौर एवं परिषद के सदस्यों ने अवलोकन किया। संयंत्र में स्थापित आधुनिक मशीनीकरण , जल शुद्धिकरण प्रक्रिया , पाइपलाइन व टंकी की जल क्षमता पर किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी लेते हुए शीघ्र कार्य पूर्ण कर शुरू करने के निर्देश महापौर ने दिए। महापौर श्री यादव ने संयंत्र से पानी टंकी तक जाने वाले पाइपलाइन टेस्टिंग संबंधी तकनीकी कार्यो की जानकारी नक्शा व रूटचार्ट के माध्यम से प्राप्त की। 66 एमएलडी जल शोधन संयंत्र का अवलोकन करने आज सुबह 10 बजे महापौर एवं महापौर परिषद के सदस्य पहुंचे। महापौर व भिलाईनगर विधायक देवेन्द्र यादव ने जल शोधन संयंत्र सहित पूरे फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया। जल शोधन संयंत्र का कार्य देख रहे अभियंताओं ने 66 एमएलडी संयंत्र मे स्थापित मोटर पंप, विद्युत कनेक्शन सहित सभी कार्यो की विस्तृत जानकारी महापौर एवं सदस्यों को दी। फिल्टर प्लांट के इंजीनियरों ने परिषद के सदस्यों को पाइपलाइन की टेस्टींग प्रक्रिया के साथ ही इंटरकनेक्शन के दौरान शटडाउन की जानकारी दी, जिस पर महापौर ने कम से कम शट डाउन करने व गर्मी बढ़ने के पूर्व ही कार्य को पूरा करने निर्देश दिए। महापौर श्री यादव ने जल शोधन संयंत्र को जल्द से जल्द शुरू करने के निर्देश दिए, उन्होंने कहा कि जल प्रदाय करने सभी टंकी तक जाने वाले पाइपलाइन की टेस्टिंग का कार्य भी जल्द पूरा कर ले ताकि आगामी गर्मी के सीजन में जल प्रदाय संबंधी किसी भी प्रकार समस्या न हो और भिलाईवासियों को पर्याप्त पानी मिल सके।

जनसम्पर्क अधिकारी